चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-4-23 | 5 | 1-4 |

## एचएयू का 25वां दीक्षांत समारोह 24 को, राष्ट्रपति होंगी मुख्यातिथि

हिसार। एचएयू का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

विस्तृत समाचार पृष्ठ 5 पर

# एचएयू का 25वां दीक्षांत समारोह 24 को, राष्ट्रपति मुर्मू होंगी मुख्यातिथि

### शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को मिलेंगी स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां

भास्कर न्यूज। हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त ... विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास हेतु रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया ... लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबे व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना

### ड्रेस कोड तय किया

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबे व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9-4-23 | 5 | 1-3 |

# हकृवि का दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को

**25** वां दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

**23** अप्रैल को पूर्वाभ्यास के लिए करेंगे रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इसमें मुख्यातिथि होंगी। वह दीक्षांत संभाषण देंगी। राज्यपाल हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में एक अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डाक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास के लिए रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी।



हकृवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

### विद्यार्थियों के लिए बनाया ड्रेस कोड

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाउज, लाल बार्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबे व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को आनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9-4-23 | 1 | 2-4 |

## एचएयू के 25वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 25वें दीक्षांत समारोह में 24 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। इस समारोह में एक अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

विवि के कुलपति प्रो. कांबोज ने बताया कि इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी, जो कि 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास के दिन मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं, जो कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 9-4-23 | 9 | 2-6 |

## एचएयू के 25वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे राज्यपाल, सीएम भी होंगे शामिल

# राष्ट्रपति बांटेंगी डिग्रियां, विद्यार्थियों को एक दिन पहले करनी होगी रिपोर्ट

**30 सितंबर 2022 में पास आउट करने विद्यार्थियों को स्नातक परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां की जाएंगी वितरित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसमें महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु मुख्यातिथि होंगी। दीक्षांत समारोह में एक अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।



हिसार। एचएयू का फ्लैचर भवन।

### 23 को पूर्वाभ्यास के लिए रिपोर्ट करना जरूरी

दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास के लिए रिपोर्ट करेंगे। दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं देखेंगी।

### समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां



24 अप्रैल को आयोजित होने वाले विश्वविद्यायल के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय द्रोपदी मुर्मु मुख्यातिथि होंगी। समारोह को भव्य बनाने के लिए जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई है जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी।

-प्रो. बलदेव राज काम्बोज, कुलपति, एचएयू।

### डिग्रियां प्राप्त करने के लिए विशेष ड्रेस कोड तय

विवि कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लडकों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पैंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमडे के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाउज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबे व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9-4-23 | 4 | 1-2 |

# हकृवि के 25वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति होंगी मुख्यातिथि

हिसार, 8 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25 वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी।

राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

## समारोह को लेकर तैयारियां शुरू

कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास हेतु रिपोर्ट करेंगे।

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी।

## विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रैस कोड तय

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पैंट, काले रंग की बैल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे।

उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 9-4-23 | 5 | 1-3 |


# हकृवि के 25वें दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू : प्रो. काम्बोज

## दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को मिलेंगी स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां

हिसार, 8 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। माननीय राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी।



हकृवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास हेतु रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 9-4-23 | 5 | 2-5 |


# हकृवि के 25वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू होंगी मुख्यातिथि

- 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को मिलेंगी स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां



हिसार (सच कहूं/श्याम सुन्दर सरदाना)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज ने बताया कि देश की माननीया राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। माननीय राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास हेतु रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 9-4-23 | 2 | 7-8 |

## हकृवि का दीक्षांत समारोह 24 को, राष्ट्रपति मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि

हिसार, 8 अप्रैल (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-4-23 | 1 | 1 |

## एचएयू में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे एक लाख

भास्कर न्यूज़ | हिसार

भगाना के रहने वाले विनोद कुमार ने उसके भाई को एचएयू में एलटी लगवाने के नाम पर एक लाख रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए अर्जुन व दिनेश शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व धमकी देने का केस दर्ज करवाया है। विनोद कुमार के अनुसार उसका भाई कुलदीप 12वीं पास है। उसने एक विज्ञापन देखा था, जिसमें बेरोजगार के लिए रोजगार उपलब्ध लिखा था। उसमें लिखे फोन नंबर पर संपर्क किया तो बायोडाटा मांग लिया था। इसके बाद कुलदीप के पास एक कॉल आई थी। उसे बताया कि आपको एचकेआरएनएल में एलटी के पद पर लगवा देंगे। कैमरी रोड स्थित एक ऑफिस में मौजूद दिनेश शर्मा से मिले थे। उसने अर्जुन से बातचीत करवाकर उसका नंबर दिया था। जब अर्जुन को कॉल की तो मिलने के लिए बुलाया था। 16 अक्टूबर 2022 को सिविल अस्पताल में ले जाकर मेडिकल करवाया था। फिर बोला कि आपकी नौकरी लग जाएगी। एचएयू में एलटी लगवाने के नाम पर दिनेश शर्मा के कहने पर एक लाख रूपये दिए थे। न तो नौकरी लगी और न रुपये लौटाए। अब रूपये मांगने पर दोनों धमकियां देते हैं। इनके खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9.4.23 | 3 | 6-7 |

# लैब अटेंडैंट की नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से एक लाख रुपए हड़पे, 2 के खिलाफ केस दर्ज

हिसार, 8 अप्रैल (स्वामी): भगाना के विनोद से 2 युवकों ने लैब अटेंडैंट की नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख रुपए हड़प लिए। सिविल लाइन पुलिस ने इस बारे में दिनेश शर्मा व अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

भगाना के विनोद ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देकर कहा कि मेरे भाई कुलदीप ने बारहवीं कक्षा पास की हुई है। वह घर पर रहता है। मेरे भाई ने 5 अक्तूबर 22 को एक विज्ञापन में नंबर देखकर फोन किया था।

उन्होंने बायो डाटा मांगा तो मैंने व्हाट्सअप पर भेज दिया था। बायो डाटा भेजने के बाद मेरे पास कॉल आने लगी। फोन करने वाला कहने लगा कि मैं आपको रोजगार कौशल योजना के तहत लैब अटेंडैंट की नौकरी लगवा दूंगा।

कैमरी रोड स्थित दफ्तर में दिनेश शर्मा ने मुझे एक लड़के से मिलवाया। उसने कहा कि यह आपका काम करवा देगा। इसी को रुपए दे देना। फिर मुझे अर्जुन नामक लड़के ने फोन कर रॉयल बार के पीछे खाली जगह पर बुलाया और मुझे 16 अक्तूबर 2022 को सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां पर मेरा मैडीकल करवाया।

शिकायतकर्त्ता ने कहा कि अर्जुन कहने लगा कि आपकी नौकरी कुछ दिन बाद लग जाएगी। मैंने पूछा कि मुझे कहां नौकरी मिलेगी तो उसने कहा कि आपको एच.ए.यू. में नौकरी लगवा दूंगा। मैंने अर्जुन को दिनेश शर्मा के कहने पर 1 लाख रुपए दे दिए। मैंने गारन्टी बारे पूछा तो अर्जुन ने एक चैक राममेहर के नाम से काटकर उसमें 80 हजार रुपए भरकर दे दिया। मैंने पूछा कि राममेहर के नाम का चैक क्यूं दे रहे हो। तब उसने कहा कि यह मेरे भाई का चैक है। मेरे पास फिलहाल चैकबुक नहीं है। मैं ज्वाइनिंग लैटर का इंतजार करता रहा। बीच-बीच में फोन करता रहा।

शिकायत में कहा गया कि अर्जुन व दिनेश मुझे गुमराह करते रहे कि आपका काम होने वाला है। कुछ दिन बाद अर्जुन व दिनेश ने मेरा फोन उठाना बंद कर दिया। मैं दूसरे नंबरों से फोन करता तो कहने लगे कि तुझसे जो बनता है कर ले, हम कोई पैसा तुझे नहीं देंगे। मैं दफ्तर में रुपए मांगने गया दिनेश व अर्जुन ने मुझे जान से मारने की धमकी देकर कहा कि चुपचाप चला जा, नहीं तो कहां गया पता ही नहीं चलेगा। सिविल लाइन पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 08.04.2023 | | |


# हकृवि के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु होंगी मुख्यातिथि

**पांच बजे ब्यूरो**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि देश की माननीया राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। माननीय राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास हेतु रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार मे दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 08.04.2023 | | |



# 24 को हिसार आएंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

- हकृवि के 25वें दीक्षांत समारोह में होंगी मुख्य अतिथि
- राज्यपाल करेंगे समारोह की अध्यक्षता
- मुख्यमंत्री होंगे अति विशिष्ट अतिथि

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 08 अप्रैल

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित करवाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास के लिए रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई हैं जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 08.04.2023 | | |

# हकृवि के 25वें दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि होंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु : प्रो. काम्बोज



विश्वविद्यालय का फ्लैग्ज़ आउट।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को आयोजित कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि देश की माननीया राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। माननीय राज्यपाल, हरियाणा व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक एवं डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में केवल उन्हीं पूर्व विद्यार्थियों को भाग लेने की अनुमति होगी जो 23 अप्रैल को पूर्वाभ्यास हेतु रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विश्वविद्यालय में जोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कमेटियां गठित की गई है जो दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है। लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि डिग्री लेने आने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर अपनी सहमति देनी होगी। 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीकरण-सहमति पत्र के साथ अपनी पहचान करवाकर दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल में भाग लेना होगा।